दिन– सोमवार दिनांक– 08 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

विधान परिषद की नौ सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए आज नामांकन का अंतिम दिन है। एनडीए के नौ जबकि महागठबंधन के एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन भरा है। भाजपा की ओर से भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह, संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित ने अपना नामांकन भरा। वहीं, जदयू की ओर से स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति और ललन प्रसाद ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इधर, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की ओर से कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी ने नामांकन पर्चा भरा। एनडीए प्रत्याशियों के नामांकन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लोजपा आर के अध्यक्ष चिराग पासवान समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इधर, राजद प्रत्याशी सुनील कुमार सिंह ने भी अपना नामांकन पत्र भर दिया। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि ग्यारह जून है। आवश्यकता होने पर इन सीटों के लिए अठारह जून को मतदान होगा और इसी दिन शाम को मतगणना होगी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के हित में सरकार की बारह वर्ष की विकास यात्रा को रेखांकित किया है। श्री मोदी ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस दौरान देश कई बदलावों का साक्षी बना तथा गरीब कल्याण और वंचित वर्ग इन बदलावों के केंद्र बिंदु में रहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जन धन खाता, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, स्वच्छ भारत अभियान, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी हर पहल का उद्देश्य लोगों के लिये गरिमा और अवसर सुनिश्चित करना रहा है। निर्धनों का जीवन स्तर बेहतर बनाने में प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और डिजिटल माध्यमों से लोगों तक सीधे और पारदर्शी ढंग से सहायता पहुंच रही है। इससे लक्षित वर्ग तक अधिकतम लाभ पंहुचना सुनिश्चित हुआ है, कार्यक्षमता बढ़ी है और शासन में भरोसा बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा

कि गरीब कल्याण यात्रा व्यक्ति के सशक्तिकरण और विकसित भारत का स्वप्न साकार करने का सामूहिक अभियान बन गया है।

——————————————————————————

देश का विश्वसनीय लोक प्रसारक आकाशवाणी आज अपने नब्बे वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहा है। वर्ष उन्नीस सौ छत्तीस को आज ही के दिन इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्ट सर्विस का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो कर दिया गया था। यह ऐतिहासिक दिन देश के सांस्कृतिक, सूचनात्मक और प्रसारण इतिहास में एक विशेष क्षण है। संसदीय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आकाशवाणी के गौरवशाली 90 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी है।

——————————————————————————

प्रदेश के दक्षिणी भाग में अगले दो दिनों तक गर्म और उमसभरा दिन रहने की संभावना है। वहीं, अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, अररिया और किशनगंज समेत उत्तर–मध्य तथा उत्तर–पूर्व बिहार के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

——————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बलथर और भंगहा क्षेत्र में अलग अलग कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कार पर लदे एक सौ ग्यारह क्विंटल से अधिक गांजा के साथ दो तस्करो को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने ठगी गिरोह का खुलासा करते हुये तीन अंतर्राज्यीय ठग को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————

औरंगाबाद जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत देव मोड़ के पास एक पर्यटक बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर में तीन पर्यटकों की मौत हो गइ। वहीं, कि बीस अन्य पर्यटक घायल हो गए। घायलों में आठ की हालत गंभीर बनी हुई है।

———————————————————————————————

रोहतास जिले में नोखा थाना क्षेत्र अंतर्गत सत्तररबिगहवा गांव के पास एक ऑटो और पिकअप वाहन की आमने–सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————————————

समाप्त